चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 17.9.2025 | -- | -- |


# Hisar to host two-day mega agricultural fair from Sep 21

@ The Savera Times
Network

**Hisar:** The Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCS HAU) in Hisar is set to host a two-day agricultural fair on September 21 and 22, 2025. Haryana Chief Minister Nayab Singh Saini will inaugurate the event as well as the newly developed fairground on the university campus.

According to CCS HAU Vice-Chancellor Professor B.R. Kamboj, the new fairground has been equipped with modern infrastructure including paved pathways, lush green lawns, advanced lighting systems, clean drinking water facilities, and public restrooms to enhance the experience for both visitors and participants.

The fair will feature a large-scale agricultural-industrial exhibition showcasing over 400 stalls. More than 300 of these stalls will be set up by private companies engaged in agriculture-related sectors, including seeds, fertilizers, pesticides, agricultural machinery, and veterinary products. The event aims to bridge the gap between modern agricultural technology and farmers by providing them firsthand exposure to innovations and services.

## CM Saini to inaugurate new fairground



In addition to private participants, around 100 stalls will be established by various government departments and universities. These stalls will offer information on modern farming practices, government schemes, and farmer welfare programs. Special demonstrations and awareness campaigns will also be held to educate farmers about advanced technologies and support available under different state and central initiatives.

Progressive farmers from Haryana will also take part in the fair, setting up dedicated stalls to exhibit organic farming methods, chemical-free cultivation techniques, and traditional agricultural practices. These farmer-led initiatives are expected to encourage knowledge-sharing among the agricultural community and promote sustainable practices.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय | | | |
| समाचार पत्र का नाम अमर उजाला | दिनांक 17-9-25 | पृष्ठ संख्या 1 | कॉलम 8 | |

# एचएयू में कृषि मेला 21-22 को, सीएम सैनी करेंगे उद्घाटन

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय(एचएयू) में 21- 22 सितंबर को आयोजित होने वाले कृषि मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें 300 से अधिक स्टाल होंगी। मेले में प्रदेश भर के चुनिंदा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन भी करेंगे। यहां पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रदर्शनी में बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण, पशु चिकित्सा फार्मा से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी।

कुलपति ने बताया कि मेले में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग की लगभग 100 स्टाल लगाई जाएंगी। इनमें जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, परंपरागत खेती, तकनीक एवं उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यक्रम' की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.9.25 | 2 | 2-3 |

# हकृवि में कृषि मेले की तैयारियां शुरू, सीएम होंगे मुख्य अतिथि



हकृवि में कृषि मेले की तैयारियां करते हुए • जागरण

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टाले लगाईं जाएंगी। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित मेला ग्राउंड में पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में प्राइवेट कंपनियों द्वारा लगाई जाने वाली स्टालों में उत्पादों एवं कृषि पद्धतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17-9-25 | 4 | 1-4 |

# हकृवि के कृषि मेले में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी

हिसार, 16 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.9.25 | 7 | 6-7 |


# हकृवि के कृषि मेले में मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

## नवनिर्मित मेला ग्राउंड का भी करेंगे उद्‌घाटन

हिसार, 16 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टाले लगाई जाएंगी। मेले का शुभारंभ 21 सितम्बर को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित मेला ग्राउंड में पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में प्राइवेट कंपनियों द्वारा लगाई जाने वाली स्टालों में उत्पादों एवं कृषि पद्धतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण, पशु चिकित्सा फार्मा से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। कुलपति ने बताया कि मेले में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग की लगभग 100 स्टालें लगाई जाएंगी। इन स्टालों में आधुनिक कृषि पद्धतियों, तकनीकों, सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण समस्त हरियाणा से आए प्रगतिशील किसानों की स्टालें होंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 17-9.25 | 14 | 1-5 |

नवनिर्मित मेला ग्राउंड का भी करेंगे उद्घाटन, दो दिवसीय कृषि मेला 21 से

# हकृवि के कृषि मेले में सीएम होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टाले लगाईं जाएंगी।

मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे।



## विवि में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित मेला ग्राउंड में पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में प्राइवेट कंपनियों द्वारा लगाई जाने वाली स्टालों में उत्पादों एवं कृषि पद्धतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण, पशु चिकित्सा फार्मा से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। कुलपति ने बताया कि मेले में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग की लगभग 100 स्टालें लगाई जाएंगी। इन स्टालों में आधुनिक कृषि पद्धतियों, तकनीकों, सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण समस्त हरियाणा से आए प्रगतिशील किसानों की स्टालें होंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 16.9.2025 | -- | -- |

# हकृवि के कृषि मेले में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी : नवनिर्मित मेला ग्राउंड का भी करेंगे उद्घाटन- दो दिवसीय कृषि मेला 21 सितंबर से शुरू

**समस्त हरियाणा न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टाले लगाई जाएंगी। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्रीं नायब सिंह सैनी विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित मेला ग्राउंड में पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में प्राइवेट कंपनियों द्वारा लगाई जाने वाली स्टालों में उत्पादों एवं कृषि पद्धतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण, पशु चिकित्सा फार्मा से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। कुलपति ने बताया कि मेले में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग की लगभग 100 स्टालें लगाई जाएंगी। इन स्टालों में आधुनिक कृषि पद्धतियों, तकनीकों, सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण समस्त हरियाणा से आए प्रगतिशील किसानों की स्टालें होंगी। स्टालों में जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, परंपरागत खेती, तकनीक एवं उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रगतिशील किसान मेले में अपने अनुभव भी सांझा करेंगें।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 16.9.2025 | -- | -- |

# कृषि मेले में मुख्य अतिथि होंगे सीएम

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मेले में कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टालें लगाई जाएंगी। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेले में जन लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहेंगे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित मेला ग्राउंड का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित मेला ग्राउंड में पक्के रास्ते, हरी घास युक्त मैदान, आधुनिक लाइटें, शौचालय तथा किसानों के लिए पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। प्राइवेट कंपनियों द्वारा लगाई जाने वाली स्टालों में उत्पादों एवं कृषि पद्धतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार; लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 16.9.2025 | -- | -- |

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) 21-22 सितंबर को

## कृषि मेले का मुख्य विषय 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' होगाः प्रो. बलदेव राज काम्बोज

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 सितम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) का आयोजन 21-22 सितंबर को किया जाएगा। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईज़र के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने मेला ग्रांउड पर लगाया जाएगा। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई टैक्नोलोजी की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी। इसके साथ-साथ दोनों दिन फसल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

उधर, सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने हेतु वाटर प्रूफ पंडाल होगा। प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दिवारी व प्रकाश की व्यवस्था की गई है। उन्होनें बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल सितंबर में कृषि मेला आयोजित करता है जिसमें हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान भाग लेते हैं। इस मेले में एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी भी लगाई जाती है जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लुवास तथा हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कृषि निविष्टों तथा फार्म मशीनरी बनाने वाली कंपनियां भी भाग लेकर अपनी तकनीकी प्रदर्शित करती हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 17-9-25 | 14 | 6-8 |

# हिंदी केवल भारत तक सीमित नहीं

■ हकृवि में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा मुख्य अतिथि रहे। डॉ. राजेश गेरा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है। हिंदी आज केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। विश्व के कई देशों में हिंदी बोलने और समझने वाले करोड़ों लोग रहते हैं।



हिसार। हकृवि में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश गेरा विद्यार्थियों के साथ।

## काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिता हुई

हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया जबकि मंच का संचालन छात्रा रूचि ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.9.25 | 5 | 6-8 |

# हकृवि में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 16 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डॉ. राजेश गेरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1949 में हमारे संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है। यह वह भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना, नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति प्रेम जगाना और इसे गर्व की भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। हिंदी आज केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। विश्व के कई देशों में हिंदी बोलने और समझने वाले करोड़ों लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हमारी मातृभाषा विश्व की प्रमुख भाषाओं में गिनी जाती है। उन्होंने बताया कि भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग स्नातकोत्तर डिप्लोमा अंग्रेजी एवं हिन्दी अनुवाद और स्नातकोत्तर डिप्लोमा संचार कौशल अंग्रेजी एक वर्षीय कोर्स भी संचालित करता है। हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया जबकि मंच का संचालन छात्रा रूचि ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. रीटा दहिया, डॉ. मंजू टोंक, डॉ. जयंती टोकस, डॉ. रश्मि त्यागी, डॉ. धर्मबीर मलिक, डॉ. अंजू, डॉ. जतेश कठपालिया, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. भास्कर, डॉ. पूनम मोर, डॉ. हेमंत, डॉ. अनुश्री, डॉ. मोनिका, डॉ. शिखा, डॉ. अनुज राणा, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि डॉ. राजेश गेरा विद्यार्थियों के साथ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.9.25 | 2 | 6 |


# हिंदी हमारी संस्कृति सभ्यता और राष्ट्र की पहचान : डा. राजेश

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजेश गेरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

डा. राजेश गेरा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1949 में हमारे संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है। यह वह भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना, नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति प्रेम जगाना और इसे गर्व की भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। हिंदी आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने बताया कि भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग स्नातकोत्तर डिप्लोमा अंग्रेजी एवं हिन्दी अनुवाद और स्नातकोत्तर डिप्लोमा संचार कौशल अंग्रेजी एक वर्षीय कोर्स भी संचालित करता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 17.9.25 | 4 | 5-6 |

# हिंदी संस्कृति-राष्ट्र की पहचान : डॉ. गेरा



विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश गेरा व अन्य। स्रोत : विवि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में मंगलवार को हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डॉ. गेरा ने कहा कि हिंदी संस्कृति और राष्ट्र की पहचान है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य जन-जन में हिंदी के प्रति गौरव और प्रेम की भावना जागृत करना है।

विभाग की ओर से अनुवाद और संचार कौशल से संबंधित एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा रूचि ने किया। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार; लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 16.9.2025 | -- | -- |

# हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है : डॉ. राजेश गेरा

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

डॉ. गेरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1949 में हमारे संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है। यह वह भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। हिंदी आज केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। विश्व के कई देशों में हिंदी बोलने और समझने वाले करोड़ों लोग रहते हैं।

हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया जबकि मंच का संचालन छात्रा रूचि ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. रीटा दहिया, डॉ. मंजू टोंक, डॉ. जयंती टोकस, डॉ. रश्मि त्यागी, डॉ. धर्मबीर मलिक, डॉ. अंजू, डॉ. जतेश कठपालिया, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. भास्कर, डॉ. पूनम मोर, डॉ. हेमंत, डॉ. अनुश्री, डॉ. मोनिका, डॉ. शिखा, डॉ. अनुज राणा, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.9.25 | 2 | 1-2 |


## एचएयू में कृषि मेला 21-22 सितंबर को, सीएम नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**हिसार** | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला रबी 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें 300 से अधिक कृषि से संबंधित स्टालें लगाई जाएंगी। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रदर्शनी में बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण, पशु चिकित्सा फार्मा से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। एचएयू, लुवास, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग और मत्स्य विभाग की लगभग 100 स्टालें लगाई जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.9.25 | 3 | 6 |

## हिंदी हमारी सभ्यता और राष्ट्र की पहचान: डॉ. गेरा

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डॉ. राजेश गेरा ने कहा कि हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1949 में हमारे संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की पहचान है। यह वह भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।